**ग्रामीण कृषि मौसम सेवा**
भारत मौसम विज्ञान विभाग
आईसीएआर - केंद्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान
जोधपुर, राजस्थान

# मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

**दिनांक : 18-09-2026**

**जोधपुर(राजस्थान) के मौसम का पूर्वानुमान - जारी करनेका दिन :2026-09-18 ( अगले 5 दिनों के 8:30 IST तक वैध)**

| मौसम कारक | 2026-09-19 | 2026-09-20 | 2026-09-21 | 2026-09-22 | 2026-09-23 |
|---|---|---|---|---|---|
| वर्षा (मिमी) | 2.0 | 0.0 | 0.0 | 0.0 | 0.0 |
| अधिकतम तापमान(से.) | 35.0 | 36.0 | 36.0 | 37.0 | 38.0 |
| न्यूनतम तापमान(से.) | 25.0 | 25.0 | 26.0 | 26.0 | 26.0 |
| अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (%) | 80 | 77 | 70 | 68 | 69 |
| न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (%) | 56 | 52 | 43 | 42 | 39 |
| हवा की गति (किमी प्रति घंटा) | 1 | 3 | 4 | 4 | 5 |
| पवन दिशा (डिग्री) | 301 | 261 | 260 | 256 | 248 |
| क्लाउड कवर (ओक्टा) | 5 | 6 | 5 | 4 | 4 |
| चेतावनी | आंधी और बिजली, तूफ़ान आदि; तेज़ सतही हवाएँ | कोई चेतावनी नहीं | कोई चेतावनी नहीं | कोई चेतावनी नहीं | कोई चेतावनी नहीं |

**पूर्वानुमान सारांश:**

| |
|---|
| आने वाले दिनों में अधिकतम तापमान 35 से 38 डिग्री सेंटीग्रेड और न्यूनतम तापमान 25 से 26 डिग्री सेंटीग्रेड रहने की सम्भावना। हवा की गति 1-5 किमी/ घंटा रहने की संभावना है। |

**मौसम चेतावनियाँ (अगले दिन के 08:30 IST तक मान्य):**

| |
|---|
| 19 सितम्बर को गरज-चमक के साथ आंधी, तेज हवाएं एवं झोंकेदार हवाएं चलने की संभावना। |

**मौसम चेतावनियों के कृषि पर संभावित प्रभाव और संबंधित एग्रोमेट सलाह:**

| |
|---|
| पकाव/परिपक्वता अवस्था में फसल के गिरने, दानों/फलियों के झड़ने की संभावना। |

**सामान्य सलाहकार:**

| |
|---|
| 19 सितम्बर को कहीं कहीं पर हल्की वर्षा की सम्भावना को देखते हुए खेत में कटाई की हुई फसल को ढेर बनाकर प्लास्टिक से ढक कर रखें । खडी फसल में किसी भी प्रकार के कृषि रसायन का पर्णीय छिडकाव स्थगित करें। |

**लघु संदेश सलाहकार:**

| |
|---|
| नए लगाए गए फलों के पौधों और सब्जियों के खेतों में मिट्टी में पर्याप्त नमी बनाए रखें। |

**फ़सल विशिष्ट सलाह:**

| फ़सल | फ़सल विशिष्ट सलाह |
|---|---|
| मूँग | मूंग की फसल अभी पकाव की ओर अग्रसर है अतः उचित कायिक पकाव पर कटाई कर सुरक्षित स्थान पर भंडारित करे। खेत में कटाई की हुई फसल को ढेर बनाकर प्लास्टिक से ढक कर रखें |
| बाजरा | बाजरा की कटाई की हुई फसल को सुरक्षित स्थान पर भंडारित करें या खेत में ढेर बनाकर पालीथीन से ढक कर रखें । |

**बागवानी विशिष्ट सलाह:**

| बागवानी | बागवानी विशिष्ट सलाह |
|---|---|
| बेर | बेर के बागानों में बरुथी के प्रकोप के नियंत्रण के लिए स्पाइरोंमेरों मेसिफेन 22.9 प्रतिशत नामक दवा का 0.5 मिलीलीटर प्रति लीटर पानी की दर से छिड़काव करें। |
| अनार | अनार के पौधों में फाइटोप्थोरा रोग वातावरण नमी अधिक होने पर होता है जिसके कारण फूल तथा फल पर असर पड़ता है जिस से फलो मे सडन हो जाती है। रोग दिखाई देने पर मैटालेक्सि 8 प्रतिशत + मेन्कोजेब 0.25 प्रतिशत का छिडकाव करे। |
| गाजर | किसान भाई अगेति शीतकालीन सब्जियों जैसे गाजर, मूली, शलजम आदि की बुवाई के लिए खेत तैयार करें। |

**अन्य (मृदा / भूमि तैयारी) विशिष्ट सलाह:**

| अन्य (मृदा / भूमि तैयारी) | अन्य (मृदा / भूमि तैयारी) विशिष्ट सलाह |
|---|---|
| सामान्य सलाह | पशु बाड़े में मल-मूत्र व कचरा आदि के कारण पशु में संक्रामक रोगों व परजीवियों का प्रकोप बढ़ने का खतरा रहता है। अतः बाड़े की साफ-सफाई पर ध्यान दें। |

**मौसम चेतावनियों के संभावित प्रभाव (सामान्य):**

| |
|---|
| किसान भाई गरज-चमक, आंधी या तेज हवाओं के दौरान खेत में कटाई न करें। |

**प्रभाव आधारित सलाह (सामान्य):**

| |
|---|
| किसान भाई अनुकूल मौसम में पक चुकी फसल की शीघ्र कटाई करें। कटी हुई उपज को सुरक्षित, सूखे एवं ढके हुए स्थान पर रखें। |

**Farmers are advised to download Unified �Mausam� and "Meghdoot" android application on mobile for Weather forecast and weather based Agromet Advisories and "Damini" android application for forecast of Thunderstorm and lightening.**

**Mausam MobileApp link: https://play.google.com/store/apps/details/**

**Meghdoot MobileApp link: https://play.google.com/store/apps/details**

**Damini MobileApp link : https://play.google.com/store/apps/details**